| | |
|---|---|
| | ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई)<br>(विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक सांविधिक निकाय)<br>चौथा तल, सेवा भवन, आर.के.पुरम, नई दिल्ली-110066 |

**<u>संविदा के आधार पर परियोजना अर्थशास्त्रियों की भर्ती</u>**

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) द्वारा 01* परियोजना अर्थशास्त्रियों को संविदा के आधार पर नियुक्त करने का निर्णय लिया गया है।

- इस नियुक्ति के लिए 60,000/- रुपए प्रति माह पारिश्रमिक दिया जाएगा।
- यह अनुबंध शुरू में एक वर्ष की अवधि के लिए है और इसके आगे प्रत्याशी के प्रमुख निष्पादन मानदंडों के आधार पर संतोषजनक निष्पादन और भविष्य में परियोजना की आवश्यकता के अनुसार अधिकतम 03 वर्ष की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है।

निर्धारित पात्रता पूरी करने वाले इच्छुक आवेदक अपना बायोडाटा (सीवी) निर्धारित प्रपत्र में रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन के 45 दिनों के भीतर तक सचिव, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई), चौथा तल, सेवा भवन, आर.के. पुरम, सेक्टर-1, नई दिल्ली-110066 के कार्यालय में भेज दें।

पदों, शैक्षिक योग्यता, आयु और व्यावसायिक अनुभव आदि का विवरण ऊर्जा दक्षता ब्यूरो की वेबसाइट - www.beeindia.gov.in पर करियर कॉलम टैब से डाउनलोड किया जा सकता है।

*वास्तविक आवश्यकताओं के अनुसार चयन के समय वास्तविक संख्या घट-बढ़ सकती है।

**सचिव, बीईई**

## <u>परियोजना अर्थशास्त्रियों की अनुबंध के आधार पर नियुक्ति।</u>

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई), विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार ऊर्जा संरक्षण अधिनियम 2001 के तहत आरंभ किए गए विभिन्न ऊर्जा दक्षता कार्यक्रमों और गतिविधियों के कार्यान्वयन में सहायता के लिए अनुबंध के आधार पर परियोजना अर्थशास्त्री के रूप में नियुक्ति के लिए उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है। पदों का विवरण इस प्रकार है:-

| **क्रम स** | **पद का नाम** | **न्यूनतम अर्हता** | **प्रासंगिक क्षेत्र में योग्यता अनुभव** | **वांछित अर्हता** | **पदों की संख्या** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परियोजना अर्थशास्त्री | न्यूनतम 60% अंकों या समकक्ष ग्रेड के साथ अर्थशास्त्र/व्यवसाय प्रशासन/वित्त में स्नातकोत्तर या एमबीए (वित्त)। | अनुसंधान/अनुप्रयुक्त अर्थशास्त्र/नीति निर्माण एवं कार्यान्वयन/परियोजना वित्तपोषण/अर्थशास्त्र या ऊर्जा क्षेत्र में वित्तीय विश्लेषण (ऊर्जा दक्षता या नवीकरणीय ऊर्जा) के क्षेत्र में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव। | कंप्यूटर अनुप्रयोगों या सांख्यिकीय उपकरणों में दक्षता | 01*<br>अन्य पिछड़ा वर्ग |

*वास्तविक आवश्यकताओं के अनुसार चयन के समय वास्तविक संख्या घट-बढ़ सकती है।

**आयु:** समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशित होने की तारीख को 27 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को आयु में छूट सरकारी नियमों के अनुसार दी जाएगी।

**अनुबंध की अवधि:** नियुक्ति अनुबंध के आधार पर शुरू में एक वर्ष की अवधि के लिए की जाएगी, जिसे प्रमुख निष्पादन संकेतकों (केपीआई) की उपलब्धि पर वार्षिक रूप से अधिकतम 03 वर्षों तक या नियमित पदों के सृजन होने तक, जो भी पहले हो, बढ़ाया जा सकता है।

**अनुबंध राशि:** प्रारंभिक नियुक्ति पर 60,000/- रुपये प्रति माह की समेकित राशि दी जाएगी। एक वर्ष के अनुबंध के सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद, केपीआई की उपलब्धि के आधार पर मासिक पारिश्रमिक की समीक्षा की जा सकती है।

**अन्य भत्ते:** चूंकि नियुक्ति पूरी तरह से अनुबंध के आधार पर होगी, इसलिए वे बीईई के नियमित कर्मचारियों को स्वीकार्य किसी भी भत्ते/लाभ के लिए पात्र नहीं होंगे, चिकित्सा पॉलिसी का प्रमाण प्रस्तुत करने पर स्वास्थ्य एवं दुर्घटना बीमा के लिए 6,000/- रूपये प्रति वर्ष की राशि दी जाएगी।

**<u>आवेदन कैसे करें</u>**

पात्रता मानदंड को पूरा करने वाले इच्छुक आवेदक रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन के 45 दिनों के भीतर सचिव, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई), चौथी मंजिल, सेवा भवन, आर.के. पुरम, सेक्टर - 1, नई दिल्ली - 110066 के कार्यालय में निर्धारित प्रारूप में अपना बायोडाटा (सीवी) जमा कर सकते हैं।

ब्यूरो असाधारण रूप से उत्कृष्ट उम्मीदवारों के मामले में पात्रता और अन्य मानदंडों में छूट देने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**अन्य सामान्य जानकारी और निर्देश**

यदि उम्मीदवार द्वारा दी गई कोई भी जानकारी गलत पाई जाती है, तो भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में उम्मीदवारी को अस्वीकृत  किया जाएगा।

अधूरे आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे।

पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले उम्मीदवार की विधिवत गठित समिति द्वारा जांच की जाएगी। जांच प्रक्रिया में पात्र पाए जाने वालों को साक्षात्कार में उपस्थित होना होगा।

चयनित उम्मीदवार को पूर्णतः अनुबंध के आधार पर नियुक्ति दी जाएगी तथा उनके द्वारा बीईई में नियमित रोजगार का कोई दावा नहीं किया जाएगा।

# परियोजना अर्थशास्त्री के पद के लिए आवेदन

पासपोर्ट आकार
का फोटो
चिपकाएं

| | | |
|---|---|---|
| 1. | नाम | |
| 2. | पता | |
| 3. | ईमेल | |
| 4. | मो. नं.<br>i.<br>ii. | |
| 5. | जन्म की तिथि | |
| 6. | क्या आप अनु. जाति / अनु. जनजाति / अन्य पिछड़ा / दिव्यांग / आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से संबंधित हैं? | |
| 7. | शैक्षिक योग्यता का विवरण कालानुक्रमिक क्रम में (अंक तालिकाओं और डिग्री आदि की फोटोकॉपी संलग्न करें)। | |

| अर्हता | संस्थान/विश्वविद्यालय/बोर्ड | उत्तीर्ण होने का वर्ष | प्राप्त अंकों का % |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | |
|---|---|
| 8. | रोजगार का विवरण, कालानुक्रमिक क्रम में। कम से कम एक वर्ष के अनुभव प्रमाण पत्र की फोटोकॉपी संलग्न करें। |

| कार्यालय/संस्था | धारित पद | से | तक | कर्तव्यों का स्वरूप | प्रति माह आहरित पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 9. | पद के लिए उपयुक्तता के समर्थन में अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो। | |

| | | |
|---|---|---|
| 10. | टिप्पणी (अभ्यर्थी (i) शोध प्रकाशन और रिपोर्ट तथा विशेष परियोजनाओं (ii) वार्ड/छात्रवृत्ति/आधिकारिक प्रशंसा (iii) व्यावसायिक निकायों/संस्थाओं/सोसायटियों से संबद्धता तथा (iv) अन्य काई जानकारी दे सकते हैं।)<br>(नोट: यदि स्थान अपर्याप्त हो तो अलग शीट संलग्न करें) | |

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ा है और प्रमाणित करता हूँ कि उपर्युक्त जानकारी और दस्तावेज मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य हैं। यदि कोई जानकारी/दस्तावेज गलत पाया जाता है, तो मेरी उम्मीदवारी किसी भी स्तर पर रद्द की जा सकती है।

तारीख _______________

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

संलग्नक:

i. आयु प्रमाण के रूप में दसवीं पास प्रमाण पत्र/मार्कशीट की प्रति

ii. बारहवीं पास प्रमाण पत्र और मार्कशीट की प्रति

iii. डिग्री/मार्कशीट की प्रति

iv. सभी अनुभव प्रमाण पत्रों की प्रति

v. आरक्षण का दावा करने पर जाति प्रमाण पत्र की प्रति

vi. पहचान प्रमाण की प्रति (आधार कार्ड/वोटर-आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस/पासपोर्ट आदि)